अनुक्रमांक ...................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम ............................................. पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# चतुर्थ सेमेस्टर – 2019
## (आरम्भिक स्तर पर भाषा एवं गणित के पठन लेखन-क्षमता का विकास)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** निम्नलिखित में से स्वर नहीं है - **(1)**

(A) अ (B) ई

(C) ऊ (D) ञ

**2.** 'क्ष' वर्ण किन दो वर्णों के मिश्रण से बना है? **(1)**

(A) क् + श् (B) च् + छ

(C) क् + ष् (D) छ + अ

**3.** निम्नलिखित में 'अयोगवाह' है - **(1)**

(A) अ, आ (B) इ, ई

(C) अं, अः (D) ए, ऐ

**4.** वाक्य के गुण होते हैं - **(1)**

(A) सार्थकता (B) क्रमबद्धता

(C) योग्यता (D) उपर्युक्त सभी

**5.** श्वास के आधार पर व्यंजनों का वर्गीकरण होता है- **(1)**

(A) सघोष एवं अघोष (B) अनुस्वार एवं अनुनासिक

(C) स्पर्श एवं ऊष्म (D) अल्पप्राण एवं महाप्राण

**6.** उत्क्षिप्त वर्ण हैं - **(1)**

(A) य, व (B) ढ़, ड़

(C) ड, ढ (D) ट, ठ

**7.** 'मुझसे बैठा नहीं जाता' उदाहरण है - **(1)**

(A) कर्तृवाच्य का (B) कर्मवाच्य का

(C) भाववाच्य का (D) विधिवाच्य का

**8.** भाषा का भेद है - **(1)**

(A) लिखित (B) मौखिक

(C) 'a' एवं 'b' दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

**9.** किसी वाक्य की पूर्णता पर विराम चिह्न लगता है- **(1)**

(A) अल्प विराम चिह्न (B) पूर्ण विराम चिह्न

(C) प्रश्नवाचक चिह्न (D) लाघव चिह्न

**10.** बिना सोचे-समझे अधिक खर्च करने वाले के लिए एक शब्द है- **(1)**

(A) कृपण (B) कंजूस

(C) अपव्ययी (D) मितव्ययी

**11.** किसी संख्या के दाहिनी ओर शून्य रखने पर वह संख्या बढ़ जाती है- **(1)**

(A) 10 गुना (B) 20 गुना

(C) 2 गुना (D) 5 गुना

**12.** तीन अंकों की सबसे बड़ी संख्या होती है- **(1)**

(A) 100 (B) 299

(C) 999 (D) 998

**13.** 3478 में सैंकड़े वाली संख्या है- **(1)**

(A) 7 (B) 8

(C) 4 (D) 3

**14.** दस तक के अंको में सबसे छोटा अंक है- **(1)**

(A) 1 (B) 0

(C) 2 (D) 3

**15.** निम्नलिखित में शुद्ध शब्द है- **(1)**

(A) अन्ताक्षरी (B) अन्त्याक्षरी

(C) अन्तक्षरी (D) अनताक्षरी

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** लेखन किसे कहते है? **(1)**

**17.** पठन कौशल के दो बाधक तत्व बताइए। **(1)**

**18.** उच्चारण में लगने वाले समय के आधार पर स्वरों के भेद बताइए। **(1)**

**19.** अन्तस्थ वर्ण कौन-कौन से हैं? **(1)**

**20.** समानार्थी शब्द किसे कहते हैं? **(1)**

**21.** अर्द्धविराम चिह्न को परिभाषित कीजिए। **(1)**

**22.** 'रबीन्द्रनाथ ने शान्तिनिकेतन की स्थापना की' इस वाक्य को कर्मवाच्य में परिवर्तित कीजिए। **(1)**

**23.** मूर्धन्य वर्ण कौन-से हैं? **(1)**

**24.** दीर्घ स्वर किसे कहते हैं? **(1)**

**25.** योजक चिह्न लगाते हुए दो उदाहरण लिखिए। **(1)**

**26.** ऊष्म व्यंजन किसे कहते हैं? **(1)**

**27.** संख्या 636 में दोनों 6 के स्थानीय मान का अन्तर ज्ञात कीजिए। **(1)**

**28.** शून्य को किसी संख्या से गुणा करने पर गुणनफल क्या आता है? **(1)**

**29.** 48 सेब चार बच्चों में बाँटे गए, प्रत्येक बच्चे को कितने सेब मिले ? **(1)**

**30.** निम्नलिखित को अवरोही क्रम में लिखिए- 6,3,8,5,9,7 **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** आरम्भिक भाषा कौशल कौन-कौन से हैं? **(2)**

**32.** देवनागरी लिपि की विशेषताएँ लिखिए। **(2)**

**33.** घोष एवं अघोष ध्वनियों में अन्तर स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**34.** शुद्ध उच्चारण अभ्यास हेतु कक्षा शिक्षक में किए जाने वाले प्रयोग बताइए। **(2)**

**35.** छात्रों की वर्तनी सम्बन्धी त्रुटि निवारण के उपाय बताइए। **(2)**

**36.** श्रुतलेख एवं अनुलेख के अन्तर स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**37.** विस्मयादिबोधक चिह्न किसे कहते हैं? सोदाहरण बताइए। **(2)**

**38.** संख्या किसे कहते हैं? उदाहरण सहित समझाइए। **(2)**

**39.** गणित की संक्रियाओं में शून्य का महत्व स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**40.** दो अंकों वाली संख्या को दो अंकों वाली संख्या से किस प्रकार गुणा किया जाता है? उदाहरण के द्वारा समझाइए। **(2)**

---


**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-4/bhasha-evam-ganit-ke-pathan-lekhan-ka-vikas/2019

2. आरम्भिक स्तर पर भाषा एवं गणित के पठन लेखन-क्षमता का विकास का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-4/bhasha-evam-ganit-ke-pathan-lekhan-ka-vikas/

3. आरम्भिक स्तर पर भाषा एवं गणित के पठन लेखन-क्षमता का विकास के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-4/bhasha-evam-ganit-ke-pathan-lekhan-ka-vikas/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN